Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

**SS–14–Geog.**

No. of Printed Pages – 07+World Map+India Map+Rajasthan Map

Tear Here

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2019

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2019

## भूगोल

## GEOGRAPHY

**समय** : 3¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 56

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.
2) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।
   All the questions are compulsory.
3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
   Write the answer to each question in the given answer-book only.
4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.
5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें।
   If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper the question of Hindi version should be treated valid.

यहाँ से काटिए

6)

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|---|
| अ | 1-13 | 1 | 20 शब्द |
| ब | 14-21 | 2 | 60 शब्द |
| स | 25-27 | 3 | 100 शब्द |
| द | 28-30 | 4 | 250 शब्द |
| Section | Q. Nos. | Marks per question | Word limit of answer |
| A | 1-13 | 1 | 20 words |
| B | 14-21 | 2 | 60 words |
| C | 25-27 | 3 | 100 words |
| D | 28-30 | 4 | 250 words |

7) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 मानचित्र कार्य से संबंधित हैं और प्रत्येक 2 अंक का है।

Question Nos. 22 to 24 are related to map-work carrying 2 marks each.

8) विश्व, भारत व राजस्थान के उपलब्ध कराए गए रेखा मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें।

Attach outline maps of World, India and Rajasthan with the answer-book.

9) प्रश्न क्रमांक 29 और 30 में आंतरिक विकल्प हैं।

There are internal choice in Question No. 29 and 30.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** 'नव–नियतिवाद' ('रुको और जाओ') विचारधारा किस भूगोलवेत्ता ने प्रतिपादित की? **[1]**

Which geographer propounded the concept of 'Neodeterminism' ('Stop and go')?

**2)** एस्किमो के जीवनयापन में सील मछली के कोई दो उपयोग लिखिए। **[½ + ½ = 1]**

Mention any two uses of seal in livelihood of Eskimos.

**3)** विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का नाम लिखिए। **[1]**

Name the country having the highest population in the World.

**4)** ग्रामीण क्षेत्रों में नदी तट पर प्राय: किस प्रकार के अधिवास प्रतिरुप विकसित होते हैं? **[1]**

What type of settlements generally develop along a rural river bank?

**5)** महानगर और वृहत नगर में अन्तर बताइए। **[½+½=1]**

Differentiate between million city and megacity.

**6)** विश्व का व्यस्ततम समुद्री मार्ग कौनसा है? **[1]**

Which is the busiest oceanic route of the World?

**7)** द्विपार्श्विक और बहुपार्श्विक व्यापार में अन्तर बताइए। **[½+½=1]**

Differentiate between bilateral and multi-lateral trade.

**8)** मानव विकास रिपोर्ट 2013 के अनुसार विश्व में भारत कौनसा स्थान रखता है? **[1]**

According to Human Development Report 2013 which position does India occupy in the World?

**9)** नव्यकरणीय और अनव्यकरणीय संसाधनों में अन्तर बताइए। **[½+½=1]**

Distinguish between renewable and non-renewable resources.

**10)** अनुसूचित जाति का एक गरीब व्यक्ति भारत सरकार की किस योजना के अन्तर्गत आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकता है? **[1]**

Under which plan of Government of India a poor scheduled caste member can apply for economic assistance for house construction?

11) राजस्थान में जनजातियों की आर्थिक दशा में सुधार हेतु कोई दो उपाय बताएं। [½+½=1]

Give any two measures to improve economic conditions of tribes in Rajasthan.

12) जोधपुर के एक हस्तशिल्प व्यापारी के लिए अपना माल निर्यात हेतु कौनसा बन्दरगाह सर्वाधिक लाभकारी रहेगा? [1]

Which sea port would be most economical for a handicraft merchant of Jodhpur to export his goods?

13) भारत में सौर ऊर्जा के विकास हेतु कौनसी अनूकूल भौगोलिक परिस्थितियां उपलब्ध हैं? [1]

What favourable geographical conditions are available for developing solar energy in India?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

14) एस्किमो और भील जनजाति की तुलना निम्नांकित मदों के अन्तर्गत कीजिए – [1 + 1 = 2]

i) निवास गृह ii) वस्त्र

Compare Eskimos and Bhil tribes in respect of following heads -

i) Habitat ii) Clothing

15) एक जिले की जनसंख्या दस लाख और क्षेत्रफल पांच हजार वर्ग कि. मी. है। उस जिले के जनसंख्या घनत्व की गणना करें। [2]

Calculate population density of a district having ten lakh population and five thousand sq. km. area.

16) मुम्बई की धारावी कच्ची बस्ती (स्लम) के सामाजिक – आर्थिक परिदृश्य की किन्हीं चार विशेषताओं को वर्णित कीजिए। [½+½+½+½=2]

Describe any four salient characteristics of Socio-economic landscape of Dharavi Slum of Mumbai.

17) दुग्ध कृषि एवं ट्रक फार्मिंग में अन्तर बताइए। [1+1=2]

Differentiate between dairy farming and truck farming.

18) अम्लीय वर्षा के दुष्प्रभावों को रोकने हेतु किन्हीं चार उपायों को समझाइए। [½+½+½+½=2]

Elucidate any four remedial measures to prevent ill effects of acid rain.

19) भारत में नगरीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के नियंत्रण हेतु कोई चार कारगर उपाय सुझाइए। [½+½+½+½=2]

Suggest any four pragmatic solutions to prevent increasing trend of urbanisation in India.

20) यातायात के अन्य साधनों में मंहगा होते हुए भी वायु यातायात अपरिहार्य है। क्यों? कोई चार कारण दीजिए। [½+½+½+½=2]

Despite costlier than other means of transportation air transport is indispensable. Why? Give any four reasons.

21) निरपेक्ष गरीबी और सापेक्ष गरीबी में अन्तर बताइए। [1+1=2]

Differentiate between absolute poverty and relative poverty.

22) दिये गये विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नांकित बन्दरगाहों को अंकित कीजिए :– [½+½+½+½=2]

i) पनामा ii) सान–फ्रांसिस्को

iii) केपटाउन iv) मुम्बई

Mark the location of the following major ports in the given outline map of the World :-

i) Panama ii) San Francisco

iii) Cape Town iv) Mumbai

**23)** **दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नांकित तेल शोधनशालाएं अंकित कीजिए :–** **[½+½+½+½=2]**

i) **मथुरा** ii) **बरौनी**

iii) **हल्दिया** iv) **चेन्नई**

Mark the location of the following oil refineries in the given outline map of India.

i) Mathura ii) Barauni

iii) Haldia iv) Chennai

**24)** **दिये गये राजस्थान के रेखामानचित्र में निम्नांकित सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रों को अंकित कीजिए :–[½+½+½+½=2]**

i) **भीलवाड़ा** ii) **बांसवाड़ा**

iii) **पाली** iv) **श्री गंगानगर**

Mark the location of the following Cotton Textile Centers in the given outline map of Rajasthan :-

i) Bhilwara ii) Banswara

iii) Pali iv) Sri Ganganagar

## खण्ड – स

## SECTION - C

**25)** **गत शताब्दी में विश्व की जनसंख्या में अप्रत्यासित वृद्धि के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारणों का वर्णन कीजिए ।** **[1+1+1=3]**

Describe any three causes responsible for unprecented growth of World population during the last century.

**26)** **भारत में निवास करनेवाले छः प्रजातीय समूहों के नाम लिखिए ।** **[½+½+½+½+½+½=3]**

Name six racial groups inhabiting in India.

**27)** **मत्स्य उद्योग के प्रोत्साहन हेतु भारत में क्या नवीन प्रयास किये जा रहे हैं? किन्हीं छः का उल्लेख करें ।** **[½+½+½+½+½+½=3]**

What recent efforts are being made to promote fishing industry in India? Mention any six.

## खण्ड – द

## SECTION - D

28) मानव व्यवसायों का वर्गीकरण कीजिए तथा प्रत्येक के दो उदाहरण दीजिए । [2+2=4]

Classify human occupations and give two examples of each.

29) जैविक खेती की किन विशेषताओं के कारण आप इसे अपने गांव के किसानों को अपनाने हेतु प्रेरित करेंगे? [4]

अथवा

भारत के चीनी उद्योग की समस्याओं के निराकरण हेतु ठोस सुझाव दीजिए ।

Due to what special features of organic agriculture would you inspire your village farmers to adopt it?

OR

Submit concrete suggestions to resolve problems the Indian Sugar Industry is facing.

30) राजस्थान में सहरिया जन जाति का निम्नांकित शीर्षकों में वर्णन कीजिए :- [1+1+1+1=4]

i) निवास क्षेत्र
ii) आवास गृह
iii) सामाजिक जीवन
iv) आर्थिक गतिविधि

अथवा

चम्बल घाटी परियोजना का वर्णन निम्नांकित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए :-

i) साझेदार राज्य
ii) उद्देश्य
iii) निर्मित बांध
iv) लाभ

Describe the Sahariya tribe of Rajasthan under the following heads :-

i) Habitat
ii) Housing
iii) Social life
iv) Economic activities

OR

Describe Chambal Valley project under the following heads :-

i) Participating states
ii) Aims
iii) Dams built
iv) Advantages

Sl.No. :

नामांक Roll No.


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS–14–Geog.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2019

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2019

## Subject : GEOGRAPHY



Sl.No. :

नामांक Roll No.


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS–14–Geog.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2019

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2019

## Subject : GEOGRAPHY



Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

SS–14–Geog.

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2019

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2019

## Subject : GEOGRAPHY

